खबर संक्षेप




## रोप लाईट चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने पांच चोरो को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को सुनील चौधरी पिता हरीलाल चौधरी निवासी इमलिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई की लायटेज कम्पनी मे काम करने वाले कर्मचारियो द्वारा 07 नग रोप लाईट कीमती करीब 21 हजार रुपये की चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के द्वारा अपने थाने की टीम के साथ 29 अप्रैल को मुखविर की सूचना पर आरोपी प्रदीप चक्रवर्ती एवं अकुश जयसवाल, प्रिन्स काछी, देवमोहन बर्मन एव अनुज जयसवाल को ग्राम तेवरी के पास से गिरफ्तार कर चोरी गये 7 नग रोप लाईट बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपीयो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि संतराम यादव, प्र.आर. अंजनी मिश्रा, आर. बृजेश सिंह, सोने सिंह, अभिषेक सिंह राजावत की सराहनीय भूमिका रही।

## कबाड़ दुकानों के निरीक्षण हेतु दल गठित

**कटनी।** कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित कबाड़ गोदाम एवम व्यापार की प्रतिष्ठानों का तत्काल निरीक्षण कर उनमें अग्नि सुरक्षा संबंधी समुचित उपाय तथा वैध ट्रेड लाइसेंस होने के साथ ही, ठोस अपशिष्ट पदार्थों के पृथक्करण की समुचित व्यवस्था तथा अन्य शासन के लागू नियम निर्देशों का पालन करने एवम ग्रीष्म ऋतु में उपरोक्त गोदाम में ज्वलनशील पदार्थों के संग्रहण से अग्नि दुर्घटना एवं जानमाल की हानि होने के बचाव, रहवासी क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त प्रतिष्ठानों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के समुचित पालन हेतु प्रभारी निगम आयुक्त पवन कुमार अहिरवार द्वारा आदेश जारी कर समस्त क्षेत्रीय उपयंत्री, राजस्व उप निरीक्षक,क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी, वार्ड दरोगाओं एवम समस्त सहायक राजस्व निरीक्षको का संयुक्त दलों का गठन कर प्रभारी स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी को नियमानुसार कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गठित दलों द्वारा कटनी एसडीएम प्रदीप मिश्रा के निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत समस्त ऐसे प्रतिष्ठानों का चिन्हांकन एवम निरीक्षण कर संबंधितों को आगजनी से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था करने, ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने और शासन नियम निर्देशों का पालन करने की हिदायत देते हुए, विभिन्न व्यापारियों पर ग्यारह हजार रूपए का जुर्माना तथा अन्य वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

## नौकरी का प्रलोभन दे रहे जालसाजों से बचें युवा

**कटनी।** राज्य सरकार के अंतर्गत शासकीय विभागों में विभिन्न पदों पर आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती के नाम पर जालसाजों द्वारा बेरोजगार युवाओं को ठगकर पैसे ऐंठने का प्रयास किया जा रहा है। उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप) ने स्पष्ट किया है कि आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति और इससे सम्बंधित प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का पैसा अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाता है। उद्यमिता विकास केन्द्र मप्र को समस्त शासकीय विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती का दायित्व सौंपा गया है। इसके अन्तर्गत कलेक्टर दर पर उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल कर्मचारियों की भर्ती विभिन्न विभागों की आवश्यकता और मांग के अनुरूप समय-समय पर की जाती है।

### नियम का सख्ती से पालन नहीं करने से कागजों तक ही सीमित है प्रयास

# भूमिगत जल स्तर को रिचार्ज करने रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर उदासीनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




शहर सहित ग्रामीण अंचलों में साल दर साल भूमिगत जलस्तर में गिरावट के चलते पेयजल संकट का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है। जुगाडू प्रयासों से इस समस्या से निबटने के प्रयास तो किये जाते हैं लेकिन ये प्रयास स्थायी समाधान नहीं हो पाते। गर्मियों में लोगों को जरूरत के हिसाब से भी पानी नहीं मिल पाता। भीषण गर्मियों तक लोगों को पेयजल के लिए यहां वहां भटकना ही पड़ता है। टेंकरों के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या का समाधान करने प्रयास भले ही किये जाते हैं लेकिन जिस तरह से जलस्तर गिर रहा है आगामी सालों में स्थिति भयावह होगी।

नियमों के अनुसार शहर में मापदंडों के अनुसार घरों व शासकीय कार्यालय में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होना चाहिए। जो भी नए भवन बनते हैं उनकी अनुमति लेने पर रूफ वॉटर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की सिक्योरिटी भी जमा कराई जाती है लेकिन अनुमति मिलने के बाद शायद ही कोई भवन मालिक वॉटर हार्वेस्टिंग करने का सिस्टम है।

### क्या है रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम यानि बारिश के दिनों में छतों पर एकत्रित होने वाले पानी को जमीन में भेजने के लिए जो संरचना बनाई जाती है। उसे रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कहा जाता है। इसके तहत एक जमीन में एक बोर कराया जाता है। बोर के ऊपर रेत व गिट्टी की लेयर बनाई जाती है। जिसमें छतों का पानी पहुंचता है और छन कर जमीन के अंदर चला जाता है।

### ये है नियम

गौरतलब है कि 140 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में भवन का निर्माण करने पर रूफ हार्वेस्टिग के प्रावधानों का पालन करना जरूरी है। मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम की धारा 74/4 के अनुसार भवन निर्माण में हार्वेस्टिम का प्रावधान किया गया है। भवनों का नक्शा पास होते समय भूस्वामियों से हार्वेस्टिग के लिये क्षेत्रफल के हिसाब से धरोहर राशि जमा करा ली जाती है। भवन निर्माण के दौरान हार्वेस्टिग सिस्टम का पालन कराने वाले भूस्वामियों को धरोहर राशि वापस कर दी जाती है।

### अंधाधुध जलदोहन से खतरा

गौरतलब है कि पहले की अपेक्षा अब भूजल दोहन बढ़ा है। सबसे ज्यादा निर्माण कार्यो में जल का उपयोग हो रहा है जबकि दीगर क्षेत्रो में भी दुरूपयोग कम नही है। इतना सब होने के बावजूद न तो आम आदमी जलसंरक्षण के प्रति सचेत है और न ही प्रशासन की ओर से ठोस प्रयास किये जा रहे है। ये सारे प्रयास केवल कागजी प्रयासो तक ही सीमित है। यदि शासन की मंशानुसार रूफ हास्वेस्टिग सिस्टम का पालन सुनिष्चित किया जाये तो वास्तव में तेजी से गिरते जलस्तर पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकता है लेकिन इस दिशा में कही से कोई ठोस प्रयास नही किये जा रहे है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौत

**बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजा सलैया के पास हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजा सलैया में तेज रफ्तार एलपीटी वाहन और मोटरसाइकिल में सीधी भिडंत हो गई। हादसे में 2 युवकों की घटनास्थल में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दीपक पिता कमलेश सिंह गौंड 25 निवासी करनपुरा थाना जबेरा, अपने साथी हेमराज सिंह गौंड पिता किशु सिंह 14 निवासी ग्राम सगरा थाना नोहटा के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 34 जेडए 6036 में सवार होकर रिशेतदारी में जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एलव्ही 9186 ने बाइक में सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार उछल कर दूर जा गिरे, जिससे उनके सिर में चोट आने के कारण उनकी घटनास्थल में हो मौत हो गई। वही घटना कारित करने वाले एलपीटी वाहन को चालक घटना स्थल में ही छोड़कर फरार हो गया।

### वाहन को किया जब्त

ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने पर बाकल थाना पुलिस मौके पर पहुचीं और पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बहोरीबंद शासकीय अस्पताल भेजा। दूसरे दिन मृतकों का शव परीक्षण कराने उपरांत पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। घटना कारित करने वाले वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस द्वारा थाना परिसर में खड़ा कराया गया है और वाहन चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क ठेकेदार और एमपीआरडीसी की मनमानी के चलते असमय लोग काल के गाल में समा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिस स्थान में घटना हुई वहा कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाया गया है जिसकी वजह से वहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस स्थान को ब्लैक स्पॉट भी घोषित नहीं किया गया। ग्रामीणों की मांग है कि पटोरी चौराहे और रतनपुरा चौराहें में स्पीड ब्रेकर जल्द बनवाए जाएं ताकि हादसों में अंकुश लग सके।

**उमरियापान थाना में कोटवार की शिकायत पर दर्ज हुआ मामला**

# नरवाई जलाने के प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर दर्ज की गई प्राथमिकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नरवाई जलाने के संबंध मे जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी खेत में गेंहू की कटाई के बाद बचे अवशेष को जलाने पर सोमवार को उमरियापान पुलिस थाने में एफ.आई.आर दर्ज की गई।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के किसान भाईयों से अपील की है कि वे फसल की कटाई के बाद अवशेष नहीं जलायें। नरवाई जलाने से आस-पास के खेतों में खड़ी फसल को भी आग की चिंगारी से क्षति पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा पर्यावरणीय नजरिये से भूमि की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है। कलेक्टर ने अपनी अपील मे कहा है कि मृदा उर्वरता बढ़ानें वाले सूक्ष्म जीवाणु आग मे जलकर मर जाते है जिससे उत्पादकता पर असर पडता है। साथ ही आग लगने से जान- माल के खतरे की भी आशंका बनी रहती है।

### आदेश का उल्लंघन

तहसील ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम मुडिया मे पटवारी हल्का नंबर 17 स्थित भूमि खसरा नंबर 76 रकबा 0.84 हेक्टेयर में ग्राम कोटवार को गेंहू कटाई के उपरांत नरवाई में आग लगाने की सूचना प्राप्त होने पर हल्का पटवारी द्वारा मौका जांच कर प्रतिवेदन सहित पंचनामा प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रकाश पिता नोनेलाल नाई और लज्जू पिता महेश चमार निवासी धौरेश्वर के द्वारा आग लगाया जाना बताया गया। जो कलेक्टर द्वारा जारी नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन था।

### इस धारा में प्राथमिकी

उमरियापान पुलिस थाना में कोटवार नेमचंद दाहिया ने प्रकाश नाई व लज्जू चमार के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 एवं 34 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## बोरवेल एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




कलेक्टर अविप्रसाद ने भीषण गर्मी में जलस्तर गिरने की आशंका को लेकर बोरवेल के कार्य को जिले भर में प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। कलेक्टर के निर्देश से बोरवेल का कार्य प्रतिबंधित होने से बोरवेल कारोबारियों में आक्रोश व्याप्त है। रविवार को झिंझरी स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के समीप जिले के बोरवेल का कार्य करने वाले सैंकडों व्यापारी गणों ने बोरवेल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल पप्पू के मार्गदर्शन में अनिश्चित कालीन हडताल शुरू की है। एसोसिएशन ने सोमवार को कलेक्टर अविप्रसाद से भेंटकर ज्ञापन सौंपा तथा उत्खनन कार्य पर लगाई गयी रोक को हटाने की मांग की। अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल ने कहा कि जिले में कुछ क्षेत्र का जलस्तर गिरा है लेकिन समूचे जिले में पेयजल की स्थिति भयावह नहीं है लेकिन कलेक्टर ने समूचे जिले में एक समान निर्देश से बोरवेर कारोबारियों के साथ न्यायोचित आदेश नहीं है कलेक्टर के आदेश से बोरवेल का कार्य पूरी तरह से ठप पडा है।

# कलेक्टर द्वारा आदतन अपराधी सौरभ उर्फ सूरज को किया गया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी सौरभ गुप्ता उर्फ सूरज कस्तवार के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही करते हुए सौरभ को 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमा से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सौरभ के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है।

थाना कोतवाली अंतर्गत आजाद चौक, दुर्गा मंदिर के पास गाटर घाट निवासी सौरभ गुप्ता उर्फ सूरज कस्तवार पिता किशनलाल गुप्ता उम्र 28 वर्ष के विरूद्ध वर्ष 2020 से फरवरी 2023 तक कुल 05 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होकर विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है। जिनमें मोहल्ले में रहने वाली महिलाओं को अश्लील इशारे कर छेड़छाड़ करने,सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने, घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने, पूर्व प्रकरणो में राजीनामा कराने के लिए दवाब बनाने जैसे गंभीर पृकति के अपराध शामिल है। सौरभ अपने परिवार के लोगों के सहयोग व आपराधिक प्रवृत्ति के साथियों के साथ मिलकर अपराधिक गतिविधियों की ओर निरंतर अग्रसर है।

सौरभ के विरूद्ध समय-समय पर पुलिस के द्वारा वैधानिक, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई किंतु उसकी आदतों में कोई भी सुधार नहीं हुआ।

इन स्थितियों के मद्देनजर आमजन तथा समाज एवं लोक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने सौरभ गुप्ता उर्फ सूरज कस्तवार को 6 माह की अवधि के लिए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं और समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

इस अवधि में सौरभ को न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की अनुमति रहेगी। लेकिन इसकी लिखित सूचना संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में देनी होगी तथा पेशी होने के तुरंत पश्चात इस न्यायालय के आदेश का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

**रविवार की रात हुई थी घटना, अधिकारियों ने पहुंच जताया शोक**

# सिंहुडी में अग्नि दुर्घटना से मृत हुई वृद्ध महिला के परिजनों को दी अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद तहसील के बाकल थाना अंतर्गत ग्राम सिंहुडी मे रविवार की रात घर में आग लगने से 80 वर्षीय महिला सरजू बाई पति स्वर्गीय विक्रमादित्य मिश्रा के मृत्यु के मामले मे सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार गौरव पाण्डेय और जनपद पंचायत के सी.ईओ अभिषेक कुमार ने मृतिका के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### 5 हजार क अनुग्रह राशि

इस दौरान अधिकारियों ने मृतक महिला सरजू बाई के 55 वर्षीय पुत्र लवकुश को तात्कालिक सहायता के रूप मे पांच हजार रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान की। साथ ही जनपद पंचायत की ओर से जनसहयोग करके अनाज आदि के लिए पांच हजार रूपये की राशि प्रदान की गई।



### सब कुछ हो गया स्वाहा

अग्नि दुर्घटना में घर के गृहस्थी के सामान और कपडे आदि जल जाने की वजह से तीन जोडी साड़ी और तीन जोड़ी कुर्ता पैजामा भी परिजनों को प्रदान किये गए।

तहसीलदार गौरव पाण्डेय ने बताया कि अग्नि हादसे से घर के अंदर रखे ग्रहस्थी के सामान सहित कपडे आदि जल जाने की वजह से मृतिका के परिजनों को वस्त्र कपडे और अनाज के लिए तत्कालिक राशि प्रदान की गई।

### तैयार हो रहा प्रकरण

अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर अग्नि दुर्घटना के मामले का पंचनामा बना लिया गया है। साथ ही अग्निदुर्घटना से मकान को हुई क्षति के लिए सहायता राशि और वृद्धा की मृत्यु पर उनके परिजनों को आपदा राहत राशि का प्रकरण भी तैयार किया जा रहा है। इसके लिए पोस्ट मार्टम रिपोर्ट प्रतिक्षित है।

पंचनामा की कार्यवाही के दौरान सिंहुडी के सरपंच रामकृष्ण पटेल, सचिव बेड़ी लाल और सहायक सचिव नीलम दुबे मौजूद रहे।

### जुलाई मे होगा चित्रकूट के प्रतिष्ठित दृष्टिबाधित स्कूल में दाखिला

# दृष्टिबाधित को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने कलेक्टर की कोशिशें हुई कामयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा पिछले करीब एक वर्ष से बहोरीबंद तहसील के ग्राम खम्हरिया नंबर 2 निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्र शिवा बर्मन को 9वीं की पढ़ाई हेतु जिले के बाहर के स्कूल मे प्रवेश दिलाने की जारी निरंतर कोशिशें अंततः सोमवार को सफल हुई। अपने पुत्र शिवा को बाहर पढ़ने हेतु भेजने में ना-नुकुर करने वाले माता - पिता कलेक्टर की समझाइश के बाद सहमत हो गये और अब जुलाई से शिवा का चित्रकूट के नामचीन दृष्टिबाधित स्कूल में दाखिला दिलाया जायेगा।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने खुद शिवा के माता -पिता को कलेक्ट्रेट कार्यालय बुलवाकर उसकी पढ़ाई से दृष्टिबाधित शिवा के भविष्य संवरने की समझाइश दी। तब कहीं जाकर शिवा के माता - पिता ने उसे बाहर के दृष्टिबाधित स्कूल मे दाखिला दिलानें की सहमति प्रदान की। अंततः कलेक्टर की कोशिशें कामयाब हुई और अब जुलाई माह मे शिवा का एडमिशन चित्रकूट स्थित प्रतिष्ठित दृष्टिबाधित स्कूल में कराया जायेगा।



ज्ञातव्य हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद के विगत दिनों तहसील बहोरीबंद भ्रमण के दौरान उनकी मुलाकात ग्राम खम्हरिया नबर - 2 निवासी दृष्टिबाधित छात्र शिवा बर्मन पिता राजकुमार बर्मन से हुई। इस दौरान पता चला कि दिव्यांग शिवा ने कक्षा पहली से लेकर आठवी तक की पढाई पूर्ण कर ली है। शिवा पढ़नें- लिखने में बहुत होशियार है, लेकिन आठवी के बाद उसकी पढ़ाई बंद हो गई है। जिसपर कलेक्टर ने दृष्टिबाधित बालक शिवा की अग्रिम पढ़ाई की व्यवस्था का दायित्व उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नयन सिंह को सौंपा।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशों के पालन मे सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण प्रभारी नयन सिंह द्वारा शिवा को एडमीशनन हेतु विशेष वाहन से जबलपुर स्थित दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय भेजा गया। लेकिन बीच में पढाई बंद कर देने और उम्र ज्यादा होने के कारण जबलपुर में एडमीशन नहीं हो सका। जिस कारण बच्चे का एडमीशन चित्रकूट स्थित विद्यालय में कराने हेतु निरंतर प्रयास किये गये। लेकिन बालक के माता - पिता बच्चे को पढ़ाई हेतु दूर नहीं भेजना चाहते। माता-पिता का अपने दृष्टिबाधित 15 वर्षीय पुत्र शिवा को बाहर नही भेजने के संबंध में जारी अड़यिल रूख उसकी आगे की पढ़ाई में बाधक बन रहा था।

यह जानकारी कलेक्टर श्री प्रसाद के संज्ञान मे आते ही उन्होने शिवा के माता-पिता को कलेक्ट्रेट बुलवाकर समझाइश दी तब कही शिवा के माता-पिता शिवा का एडमीशन चित्रकूट विद्यालय में कराने हेतु तैयार हुये। अब आगामी जुलाई माह से कलेक्टर की पहल पर शिवा का चित्रकूट दृष्टिबाधित विद्यालय में दाखिला हो जायेगा । कलेक्टर ने शिवा को ब्लाइंड स्टिक प्रदान कर टाफी भी खिलाया।

# कई दशकों के बाद भी नहीं मिल पा रहा पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बस स्टैंड के समीप पुलिस कालोनी के पास वाली जगह में हरिजन परिवार के मिठाई लाल अपने परिवार के रहने के लिए खाली पड़ी जमीन पर कच्चा मकान बनाकर रह रहे थे। इनके बच्चों का बचपन भी इसी मकान पर गुजरा। मिठाई लाल के स्वर्गवास होने के पश्चात इनके पुत्र तथा पुत्र बधुओं रमेश पिता स्वर्गीय मिठाई लाल, गीता बाई पति स्वर्गीय रज्जु, लल्लू पिता स्वर्गीय मिठाई लाल के द्वारा ग्राम पंचायत, ग्राम सभा मे जमीन का पट्टा दिलवाये जाने हेतु आवेदन दिया गया था जिसके पश्चात ग्राम पंचायत बड़वारा के द्वारा इस गरीब हरिजन परिवार को पट्टा देने हेतु अनुशंसा कर पत्र बड़वारा तहसील दार के समक्ष ग्राम पंचायत बड़वारा के द्वारा आवेदन भी दिया है किंतु स्थानीय स्तर पर इस हरिजन परिवार को अभी तक पट्टा प्रदाय नही किया गया जो हरिजन परिवार के साथ अन्याय होना दर्शाता है।

इस विषय पर बड़वारा ग्राम पंचायत के उप सरपंच अनुराग गुप्ता से उनका पक्ष जानना चाहा तो उनका कहना था कि खसरा नम्बर 491 में बंदोबस्त त्रुटि होने के कारण इस गरीब हरिजन परिवार को पट्टा नही मिल सका है। 60 वर्षों से ग्राम की साफ सफाई,, मरे हुए जानवर फेंकने वाले परिवार की स्थिति दयनीय है यह परिवार आज पट्टा पाने को मोहताज है। यह दुर्भाग्य पूर्ण है। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा मे इस गरीब हरिजन परिवार को पट्टा देने की अनुशंसा कर अग्रिम कार्रवाई हेतु बड़वारा तहसीलदार के समक्ष भेजा गया है।

**खबर संक्षेप**

### बांधा मंदिर में 7 मई से श्रीमद भागवत कथा आयोजित

**कटनी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 7 मई मंगलवार वैशाख अमावस्या से सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान भक्ति यज्ञ प्रारंभ होकर 14 मई को वृहद भंडारा प्रसाद के साथ विराम प्राप्त होगा। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम के संबंध में प्रेषित जानकारी के अनुसार वृंदावन के भक्ति रसिक विद्वान-आचार्य श्री अखिलेश चतुर्वेदी जी के द्वारा व्यासपीठ से प्रतिदिवस अपरान्ह 3 बजे से सायं सात बजे तक भगवान श्री राधाकृष्ण जी के वांग्मयी स्वरूप श्रीमद्भागवत के तत्व सहित संगीतमय प्रवचन होंगे । हनुमत स्वरूप सिद्ध संत पूज्य श्री बनवारीदास जी महाराज भरभरा आश्रम के संरक्षण में आयोजित उक्त आयोजन में जिले के समस्त संतों, आचार्यों एवम विद्वानों सहित धर्मप्रिय जनों को आमंत्रित किया जवेगा। आयोजन के मध्य क्रमशः पृथक पृथक दिवसों में प्रातः से भगवान मुरलीमनोहर जी का अभिषेक, भगवान भोलेनाथ जी का रुद्राभिषेक एवम आदि शक्ति मां गायत्री जी का वैदिक विधि विधान से अभिषेक होगा । समिति ने समस्त धर्मप्रिय जनों से वैशाख मास में श्री राधाकृष्ण धाम में आयोजित उक्त कथा यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

### सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं ने मारी बाजी

**बड़वारा।** सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा के छात्र छात्राओं ने पाँचवीं आठवीं बोर्ड की परीक्षा परिणामो में सफलता का परचम लहराया है। माशिमं बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों में सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा के पाँचवी कक्षा में दर्ज 23 छात्रों की संख्या में 20 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा पाँचवीं में राधिका चौहान 83.75%, प्रियंका पटेल ने 82.75% अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में नाम दर्ज करवाए हैं। तृप्ति सोनी ने 76.25% अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। पाँचवीं का परीक्षा परिणाम 87% रहा। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में दर्ज छात्र संख्या 31 में 26 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 84% रहा। आठवीं कक्षा में समीर केवट 91.83%, माया बर्मन 88.66%, भूमि गुप्ता 87.33% अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त कर शाला एवम अपने माता पिता तथा अपने ग्राम का नाम रोशन किया है। छात्र छात्राओं की सफलता पर सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा के प्रधानाचार्य राजेश दुबे एवम स्कूल के सभी आचार्य एवम सभी दीदीजी ने बधाई प्रेषित की हैं। छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अतिथि शिक्षकों की सेवायें नही लेने के निर्देश

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने समस्त नोडल अधिकारी लोकसभा निर्वाचन को निर्देशित किया है कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत किसी भी अतिथि शिक्षकों की सेवायें 30 अप्रैल के बाद नहीं ली जायें। निर्वाचन कार्य हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता होने पर नोडल अधिकारी मैन पॉवर मैनेजमेंट से क्रमिक प्राप्त कर 30 अप्रैल के पूर्व आदेश जारी करानें के निर्देश दिए गए है।

---

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश, कबाड़ दुकानों की जांच करने कहा

# अफसरों को दी सख्त हिदायत, पूरी तैयारी एवं अद्यतन प्रगति के साथ बैठक में आये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने समय-सीमा की बैठक में कोषालयीन कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत देते हुए जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह को ताकीद किया कि शासकीय अधिकारियों - कर्मचारियों के वेतन देयकों का भुगतान हर हाल में माह की पहली तारीख को किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अफसरों को समय-सीमा की बैठक मे पूरी तैयारी और अद्यतन प्रगति के साथ मौजूद रहने के दो टूक निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु वाले नवीन आधार नामांकन के 3 माह से अधिक पोर्टल पर लंबित 6 प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित आई.डी में प्रकरणों को ट्रांसफर कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करानें के निर्देश तहसीलदार कटनी नगर को दिए।

विकासखंड बड़वारा के गेंहूं उपार्जन केन्द्र अमाड़ी मझगवां में चार कृषकों की फसल के लंबित भुगतान की कार्यवाही के संबंध में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील को अमाड़ी सोसायटी के माध्यम से भुगतान की स्थिति की जानकारी एवं भुगतान की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए आगामी बैठक में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों हेतु वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 की छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं वितरण तथा प्री एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना हेतु छात्रों के समग्र आधार, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र तथा आय प्रमाण पत्र की उपलब्धता एवं अपडेशन कार्य में जिला शिक्षा अधिकारी को गति प्रदान करने तथा आगामी समीक्षा बैठक में ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को उपस्थित रहने हेतु पत्र जारी करनें के निर्देश जिला संयोजक को दिए। जिला कोषालय अधिकारी को प्रत्येक माह के एक तारीख को शासकीय कर्मियों के वेतन देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कतिपय विभागों द्वारा कोषालयीन कर्मियों द्वारा अनावश्यक देयकों के लंबित रखने के मामले में कलेक्टर ने यह निर्देश दिए।

#### मैरिज गार्डनों की दें जानकारी

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर पंचायतों के सी.एम.ओ को क्षेत्र में संचालित होने वाले मैरिज गार्डनों की नियमानुसार जांच कराकर जानकारी क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उपलब्ध करानें के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्लारे द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों की जानकारी भी पी.पी.टी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी गई।

#### कबाड़ दुकानों की करें जांच

कलेक्टर श्री प्रसाद ने वर्तमान ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि दुर्घटना की संभावनाओं के मद्देनजर एस.डी.एम कटनी को नगर निगम के साथ शहर में संचालित होने वाली कबाड की दुकानों, फायर सेक्टी आदि की जांच कराकर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान न्यायालयीन प्रकरणों, आयोग से प्राप्त शिकायतों, ब्रिस्क पोर्टल पर राजस्व वूसली, खाद्यान उठाव एवं आवंटन, अवैध कॉलोनियों पर की गई कार्यवाही, ग्रीष्म ऋतु में अग्निदुर्घटनाओं से बचाव हेतु की गई कार्यवाहियों, एसिड क्रय - विक्रय की जानकारी एकत्रित करनें, लंबित पी.वी जी.टी आयुष्मान कार्ड के निराकरण हेतु भोपाल स्तर पर बातचीत कर लंबित प्रकरणों का निराकरण करानें के साथ ही अन्य प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

---



# नरगड़िया बस्ती में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**युवक के सिर में चोट के निशान, मामले की जांच में जुटी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिलहरी चौकी के ग्राम कैमोरी में एक युवक की नरगडियां बस्ती के पास लाश पाए जाने से हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। प्रारंभिक जांच के दौरान मृतक के सिर में चोट के गहरे निशान पाए गए हैं। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत मामले की तह तक पहुंचाने का प्रयास करने में जुटी हुई है।

जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि स्थानीय लोगों ने आज ग्राम कैमोरी के नरगड़िया बस्ती के पास एक युवक की लाश पड़ी होने की जानकारी दी। घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत मृतक की पहचान रवि बर्मन पिता जगदीश बर्मन 32 साल निवासी ग्राम कैमोरी चौकी बिलहरी के तौर पर की गई है। लाश ग्राम कैमोरी में नरगडिया बस्ती के पास में मिली जिसका आज चौकी बिलहरी में मर्ग पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम करवाया गया है। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है प्रथम दृष्टया मृत्यु गिरने से होना प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

---

**नगर निगम परिसर में किया गया शिविर का आयोजन**

# ईपीएफ से जुड़ी समस्याओं का शिविर के माध्यम से किया गया समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) जबलपुर द्वारा शहर में कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए 29 अप्रैल सोमवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक नगर निगम कार्यालय कटनी में शिकायत निवारण अदालत 'निधि आपके निकट 2.0' के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जबलपुर क्षेत्रीय ईपीएफओ आयुक्त राकेश सहरावत द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारीयों को संबोधित करते हुए विभिन्न निर्देश दिए एवम सभी की समस्याओं को समक्ष में सुनकर यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को के दिए। इसके साथ साथ प्रत्येक माह ईपीएफ मासिक अंशदान प्रत्येक माह की 15 तारीख के पूर्व जमा करने, शत प्रतिशत कर्मचारियों का केवाईसी कर मोबाइल नंबर आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा पासबुक एवम सेवा अभिलेखों में एक जैसा नाम करने, मृत्यु प्रकरणों का तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उपस्थित विभिन्न 117 कर्मचारियों द्वारा ई.पी.एफ से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए है। उक्त शिविर के दौरान आईएस मरावी जिला नोडल अधिकारी/प्रवर्तन अधिकारी, उपायुक्त पी के अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, प्रभारी स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### मकान में आग लगने से वृद्ध महिला जिंदा जली



बाकल थाना अंतर्गत ग्राम सिहुडी में मकान में आग लगने के कारण उसके अंदर मौजूद 80 वर्षीय वृद्ध महिला सूरज बाई पति विक्रमादित्य मिश्रा की जलने से मौत हो गई। बताया जाता है कि मकान में आग इतनी भीषण थी कि महिला भाग भी नहीं सकी और उसकी आग में जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी देते हुए बाकल थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि रविवार रात लगभग 11 :30 बजे से 12 :00 के बीच सूरज बाई अपने कच्चे मकान के अंदर सो रही थी परिवार के अन्य सदस्य घर के बाहर आंगन में सो रहे थे। बिजली न होने के कारण घर के अंदर दीपक जल रहा था। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीक हो रहा है जैसे दीपक से किसी कपड़े में आग लगी हो जिसके बाद आग इतनी अधिक बढ़ गई कि उसने पूरे मकान को चपेट में ले लिया। जब तक आग पर काबू पाया जा सकता तब तक वृद्ध महिला पूरी तरह जल गई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

---

# मुड़वारा स्टेशन के पास भीख मांगने वाली महिला की हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुड़वारा स्टेशन के पास भिक्षावृत्ति करने वाली एक महिला की हृदयाघात से मौत होने की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि वहीदा बेगम पति वाजिद अली 30 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश भिक्षा मांगकर जीवन यापन कर रहे थे। पति वाजिद ने का सड़क हादसे मे मेरा हाथ कट गया था और परिवार चलाने में बहुत परेशानिया उठानी पड़ती थी। इसलिए दोनो पति-पत्नि मिलकर मुड़वारा स्टेशन के पास यात्रियों से भीख मांग कर गुजर बसर कर रहे थे।

रविवार की शाम 4:30 वाजिद मुड़वारा स्टेशन के पास भीख माँगने के लिए गया हुआ था और पत्नी वैहिय्दा बेगम दोनो बच्चों को मुड़वारा स्टेशन के समीप सड़क के पास दोनो बच्चों को संभाल रही थी, उसी बीच वाजीद अपनी पत्नी वैहिय्दा बेगम के पास आकर दोनो बच्चों के हाल चाल पूछने लगा। उसके थोड़ी देर बाद ही उसकी पत्नी को प्यास लगी तो पानी पीने के लिए गई और जैसे ही पानी पी और उसकी अचानक ही सीने मे दर्द उठ गया ओर दर्द से तड़पने लगी, जैसे ही पति वाजीद ने देखा कि उसकी पत्नी जमीन मे गिर कर तड़प रही है। उसने राहगीरों से अपनी पत्नी की हालत देखते हुए राहगीरों से मदद मांगी और स्टेंशन के समीप लोग एकत्र हो गये और जब तक वैहिय्दा को जिला अस्पताल ले जाते तब तक उसने दम तोड़ दिया और कुछ समय बाद ही रंगनाथ थाना मे पदस्त नविन शुक्ला और कोतवाली थाना मे पदस्थ अभिषेक राय अपनी ड्यूटी खत्म कर घर और जा रहे थे, उनको पता चला कि इस घटना से दो मासूम बच्चे अपनी माँ से बिछड़ गये। दोनो बच्चे का पिता भी अपाहिज है।

---

**शिकायतों के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं दे रहे कोई ध्यान**

# खदानों से निकल रहे ओवरलोड वाहनों से सड़कें हुई जर्जर, प्रदूषण बना रहा बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा तहसील अंतर्गत एक ग्राम पंचायत में दर्जनों खदान,फैक्ट्रियों की स्वीकृति खनिज विभाग द्वारा की गई है। ग्राम मगरहटा, परईकाप, गुड़ा, जमुनिया, माल्हन, भगनवारा, चांदन, बडागांव, भादावर सहित विभिन्न ग्रामों में खदाने संचालित है। खदान संचालकों की ओवरलोड वाहन दिन- रात कम क्षमता वाली सड़कों पर सैकड़ों की संख्या पर दौड़ते हैं जिसके कारण सड़के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। किनकिन टोला से मगरहटा परईकाप मार्ग पर आर.के.अग्रवाल,एजी मैक्स पुट्टी प्लांट राजीव चमड़यिा,भार्गव खदान, संडर्सन खदान,आदिनाथ मिलरल्स के ओवरलोड वाहन चलते हैं।

जनपद सदस्य विनय नागवंशी ने बताया कि क्षेत्र की इन समस्याओं को लेकर कई बार पत्राचार एवं ज्ञापन देकर कलेक्टर ,खनिज विभाग,तहसीलदार को अवगत कराया गया है लेकिन आज तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ है।

#### फैल रहा प्रदूषण, बंजर हो रही भूमि

ओवरलोड वाहनों से सड़क पूरी तरह से तो खराब हो ही चुकी है साथ ही खदान फैक्ट्री से निकलने वाला डस्ट,ब्लास्टिंग पर छोटे-बड़े पत्थर रहवासी घरों पर गिरते हैं जिससे लोगों को जान का खतरा रहता है और स्वास्थ्य पर इसका खासा प्रभाव पड़ रहा है साथ ही किसानों की भूमि बंजर हो रही है एवं फसलों को नुकसान पहुंच रहा है और क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा हैं।

#### मिलीभगत का लगाया आरोप

जनपद सदस्य विनय नागवंशी ने यह भी आरोप लगाया है कि खदान संचालकों द्वारा शासन की गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाई जा रही है एवं लापरवाही की जा रही है। कई खदान संचालकों के लापरवाही से क्षेत्र में बड़ी दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है,साथ ही अवैध उत्खनन भी जगह-जगह पर किये जा रहे है। नागवंशी ने आरोप लगाया कि यह सब खनिज विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से किया जा रहा है जिस कारण से शासन को राजस्व क्षति पहुंच रही है।



---

**साईंनाथ नर्सिंग कॉलेज में 16वां लैंप लाइटिंग एंड ओथ का हुआ आयोजन**

# नर्सिंग छात्राओं ने ली मानव सेवा की शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





साईं नाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में रविवार को सोलहवीं लैंप लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीएनएम, एएनएम एवं बीएससी नर्सिंग के छात्र छात्राओं ने मानवसेवा की शपथ ली। बरगवां स्थित सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी का शुभारंभ मां दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएचओ डॉ आरके अठया, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, डॉ अशोक चौदहा, डॉ अनीता सेन व एमपीईवी के एक्जीक्विटिव इंजीनियर धीरेन्द्र सिंह मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत डायरेक्टर दीपक सक्सेना, चेयरमैन डॉ शोभना सक्सेना व ज्वाइंट डायरेक्टर दीपक माथुर द्वारा शॉल व श्रीफल देते हुए पर्यावरण को बचाए रखने का संदेश देते हुए समस्त अतिथियों को पौधे भी भेंट किए गए। सम्मान समारोह उपरांत नर्सिंग छात्राओं द्वारा वेलकम डांस का आयोजन हुआ जिसे अतिथियों ने काफी सराहा।

जिला चिकित्सालय की डॉ अनीता सेन की अगुवाई में लैंप लाइटिंग के साथ उन छात्राओ व नर्सों को शपथ दिलाई, जिन्होंने खुद को इस महान पेशे के लिए अपनी मंजिल बनाई। छात्राओं ने मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव का शपथ लिया। डॉ अनीता सेन ने शपथ समारोह के दौरान नर्सिंग प्रोफेशन के महत्व और स्कोप की जानकारी भी छात्राओं के साथ साझा की।

कार्यक्रम का संचालन पल्लवी सिंह द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रदीप पटेल द्वारा आयोजन को सफल बनाया गया। आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें छात्राओं द्वारा एकल डांस, ग्रुप डांस, गीत आदि की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। तदोपरांत नर्सिंग कॉलेज द्वारा फेयरवेल पार्टी का भी आयोजनक किया गया।

नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर डॉ दीपक सक्सेना ने कहा कि नर्सिंग ही ऐसा प्रोफेशन है, जहां 18 वर्ष की नर्स भी बुजुर्ग मरीज के लिए मां बन जाती है। बच्चे की तरह वह मरीज को दवाइयों खिलाने से लेकर उसका पूरा ध्यान रखती है। दिन भर में डाक्टर अपने मरीज से मुश्किल से 20-25 मिनट ही मिल पाते है, लेकिन बाकी समय नर्स उसके साथ होती है. मरीज के स्वस्थ होने में 70 फीसद योगदान नर्स का ही होता है।

संस्था की चेयरमैन डॉ शोभना सक्सेना ने कहा कि मरीज को स्वस्थ करने में नर्स की अहम भूमिका होती है। ओथ सेरेमनी में शामिल सभी विद्यार्थियों और उनके परिजनों को उन्होनें बधाई देते हुए कहा कि इंसानियत की सेवा के इस प्रोफेशन को चुनना महान फैसला है। आप भाग्यशाली हैं कि ईश्वर ने आपको इस प्रोफेशन के जरिए समाजसेवा के लिए चुना है। उन्होंने अभिभावकों को भी भरोसा दिलाया कि आपके बच्चों का भविष्य नर्सिंग में एकदम सुरक्षित है। डॉ शोभना सक्सेना ने कहा कि किसी भी नर्स को सिम्पैथी, एम्पैथी और स्किल काबिल बनाती हैं. उसका सतर्क और जागरूक रहना मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मरीज को रोगमुक्त करने में डाक्टर का इलाज जरूरी है, लेकिन उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है नर्स की ओर से मिलने वाली सिम्पैथी जिससे मरीज को जल्द स्वस्थ्य होने में काफी मददगार साबित होता है।

---

# बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की दी जानकारी

**अनजान व्यक्ति द्वारा छूने पर माता पिता को तुरंत दें जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बच्चों को गुड टच व बेड टच की जानकारी देने चाइल्ड हेल्पलाइन सदस्यों ने कार्यक्रम का आयोजन किया। अच्छा और गलत स्पर्श क्या होता है। गलत स्पर्श से अपनी रक्षा करने के लिए क्या करना चाहिए। इसको लेकर शिशु मंदिर से लेकर प्राथमिक शाला के बालक बालिकाओं को साधारण बोलचाल की भाषा में जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन की सदस्य पायल जेतवानी ने बच्चों से सहज प्रश्न उत्तर करते हुए यह जानकारी दी और सावधान रहते हुए बचाव का प्रशिक्षण भी दिया। उन्होंने बच्चों को निडरता से तत्काल आत्मरक्षा के लिए बेड टच करने वाले पर आक्रमण करने की तकनीक भी बताई। साथ ही उनको नियमित व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन सदस्य बच्चों से उनकी पारिवारिक दिनचर्या की जानकारी ली और बताया कि स्नान के वक़्त सिर्फ माता पिता उनके संवेदनशील अंगों को स्पर्श करते हैं, यह गुड टच है लेकिन कोई दूसरा ऐसा करेगा तो यह बेड टच होगा और तुरंत अपने घर वालों को बताना चाहिए। घर के बाहर आपको यदि कोई आदमी स्पर्श करता है तो सावधान हो जाएं। उन्होंने बताया कि अपरिचित अनजान व्यक्ति यदि उन्हें स्पर्श करते हैं, तो तुरंत सावधान होकर अपने माता-पिता को जानकारी देनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 11 मई को

**पन्ना।** नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 मई को आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा, जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले, वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे।

### कलेक्टर ने मॉकड्रिल के क्रियान्वयन के संबंध में सौंपा दायित्व

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी एवं क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केन्द्र लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में बुधवार, एक मई को प्राकृतिक आपदा भूकम्प विषय पर मॉकड्रिल के क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश जारी कर अधिकारियों को दायित्व सौंपा हैं। मॉकड्रिल श्री जगन्नाथ स्वामी टाउन हॉल पन्ना में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम को संपूर्ण मॉक अभ्यास के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही पन्ना जिला अंतर्गत समग्र आपदा प्रबंधन में स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता के लिए भी नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को ग्रामीण क्षेत्र और परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण शशिकपूर गढ़पाले को शहरी क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### असफल विद्यार्थी रुक जाना नहीं योजना के तहत देंगे पुनः परीक्षा

**दमोह।** जिले के समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के प्राचार्यों की विवेक्स पर ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया कि हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में कक्षा दसवीं एवं 12वीं के सभी अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत पुनः परीक्षा में पंजीकृत करेंगे। उन्होंने कहा उन्हें उन विद्यार्थियों की बहुत चिंता है जो 10वीं और 12वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं।

टेक्स चोरी कर बाहर ही उपज खरीद रहे गल्ला व्यापारी

# सूनी पड़ी हटा की कृषि उपज मंडी

### जितनी तनख्वाह बंट रही उतनी भी कमाई नहीं कर पा रही हटा मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



इससे विडम्बना कहे या जिम्मेदारों की अनदेखी ही कहा जाए कि छोटी-छोटी प्रदेश की अन्य तहसीलों की कृषि मंडियों में जहां दिन-रात उपज की खरीदी चल रही है लेकिन कहने को तो हटा मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी है और मंडी बोर्ड ने कई बरसों पूर्व बैग आएगा यहां बड़ा परिसर बनवाते हुए अपने कर्मचारियों को तैनात करवा रखा है। लेकिन आलम यह है कि जितने कर्मचारी यहां पदस्थ हैं उनकी सैलरी के बराबर भी आमदनी हटा कृषि उपज मंडी नहीं कर पा रही है। दरअसल मंडी में आने वाला सारा माल मंडी के बाहर ही हटा के व्यापारी बगैर टैक्स चुकाए ही खरीद रहे हैं। हटा के कई गल्ला व्यापारी प्रतिदिन लाखों रुपए का गेहूं सहित अन्य माल खरीद रहे हैं। अगर वे नियमानुसार कृषि मंडी में उपज क्रय करें करें तो उन्हें 100 रुपए की खरीदी पर 1 रुपया 20 पैसे का शुल्क मंडी बोर्ड को चुकाना होगा। इसी शुल्क को बचाने के लिए कई व्यापारी नियम विरुद्ध तरीके से बाहर ही लाखों का माल खरीद रहे हैं। हटा कृषि उपज मंडी में 70 व्यापारी पंजीबद्ध है लेकिन सिर्फ नाम के लिए उन्होंने पंजीयन करवाया हुआ है सभी के द्वारा बाहर ही टैक्स चोरी करते हुए फसलें खरीदी जा रही हैं। वर्तमान में हटा मंडी प्रभार प्रशासक के हाथों में है अगर प्रशासक चाहे तो मुख्यालय पर बगैर टैक्स चुकाए हो रही खरीदी को बंद करवा सकते हैं लेकिन शासन को राजस्व का चूना लगाने वाले किसी भी व्यापारी पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं देखी गई। सूत्रों के अनुसार इन व्यापारियों से मंडी के कुछ जिम्मेदारों की सांठगांठ के चलते खुलेआम यह टैक्स चोरी हो रही है। गौरतलब है कि मुख्यालय पर कृषि मंडी होने पर यहां खरीदी न होना कही न कहीं मंडी कर्मचारियों की व्यापारियों से सांठगांठ की ओर इशारा कर रहा है। कुछ किसानों ने बताया कि जब बाहर ही उनकी उपज की खरीदी हो रही है और बगैर परेशानी के कुछ ही समय में नगद पैसे मिल रहे हैं तो फिर वे मंडी में जाकर क्या करेंगे। सीधा-सीधा अर्थ है कि यदि नगर के विभिन्न स्थानों पर आढ़त खोलकर और छोटी-छोटी गल्ला दुकानें लगाकर गेहूं व अन्य उपज की खरीदी कर रहे व्यापारियों पर अंकुश लगा दिया जाए तो हटा कृषि उपज मंडी सुचारू रूप से संचालित हो सकती है। जब इस संबंध में मंडी सचिव सीएल सौर से बात करनी चाही तो वह अभी तक लोकसभा चुनाव कराकर कार्यालय ही वापस नहीं पहुंचे बिना अवकाश के ही कार्यालय से नदारत मिले।

## विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट के मार्गर्शन में वरिष्ठ नागरिक के अधिकारों के संबंध में स्थानीय वृद्धाश्रम दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी, वृद्धाश्रम के कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने समस्त वृद्धजन को सम्बोधित करते हुये माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वृद्धजन के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में किये जाने के संबंध में बताया। आपस में मिलजुल कर रहने की सलाह दी गयी। उन्होंने कहा आप लोगों को अपना अधिक से अधिक समय भजन-कीर्तन एवं गीता-रामयण के पाठ में लगाना चाहिए जिससे कि आप अपने समय का सदुपयोग कर सकें। साथ ही उन्होंने उपस्थित वृद्धजन से उनकी वृद्धापेंशन के संबंध में जानकारी ली। कार्यक्रम के अंत में वृद्धजन की समस्याओं को सुना गया व उन्हें उचित विधिक सलाह प्रदान की गई।

## पंचवटी मठ में श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ



**तेंदूखेड़ा।** बैशाख के पावन मास में तेंदूखेड़ा नगर के पंचवटी मंदिर के प्रांगण में सप्त दिवसीय श्री मद्भागवत कथा सोमवार से प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसके पूर्व बड़ी धूम धाम से कलश यात्रा निकाली जो राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पंचवटी मंदिर पहुंची जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया, अयोध्या धाम से पधारे संत श्री प्रभुदास महाराज जी ने कथा का वाचन करते हुए श्रीमद्भागवत कथा का महात्म बताते हुए कहा कि संपूर्ण सिद्धांत से संपन्न,और मोक्ष को देने वाला वाला अमृत के समान दिव्य शास्त्र है। भागवत प्रवक्ता - संत श्री प्रभुदास जी महाराज के मुखारबिंद से होगी। यजमान महेश प्रसाद उपाध्याय है। यह आयोजन 29 अप्रैल सोमवार से 6 मई तक होगा।

## जिनवाणी सुनने का भाव होना भव्य की पहचान है - मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

परम पूज्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में प्रवचन देते हुए कहा आप सभी लोग कुंडलपुर की तलहटी में विराजमान है ।प्रथम बार हटा आए थे 2022 में महोत्सव के दौरान आगरा से चलकर हटा होते हुए कुंडलपुर पहुंचे थे । सम्मेद शिखर में जैसे मधुबन है पारसनाथ इसरी पहुंच गए लगता सम्मेद शिखर आ गया। वैसा ही हटा आने पर महसूस होता है कुंडलपुर आ गए। साधु के मन में विचार आता भले ही वह शहर कस्बे के लोगों ने निवेदन ना किया हो पुण्य के प्रताप से निमित्त नैमित्तक संबंध हो जाता है। जो जल में उत्पन्न होता है जलज होता है कमल होता है। जो भव्य जीव होते हैं भव्य जीव को देव शास्त्र गुरु का निमित्त मिलता ।नव्य होने के साथ-साथ भव्य आपका यह जिनालय है । जिनालय में प्रवेश करते ही मन प्रफुल्लित हो जाता है ।आप दर्शन करने आते अच्छा लगता है ।यह हमारे अंदर की पहचान है जिनवाणी जिनेंद्र देव की वाणी है भव्य जीव को जिनवाणी सुनने का भाव आता है अच्छा लगता है। भव्य का मतलब अच्छा लगना जिनवाणी सुनने का भाव होना भव्य की पहचान है ।हाल ही में दो वर्ष के अंदर दो महोत्सव हो गए। नवीन आचार्य के सानिध्य में भी महोत्सव हो गया । देव शास्त्र गुरु की वाणी हमें अच्छी लगे यही भव्यता की पहचान है ।आचार्य श्री का सानिध्य आपको कई बार मिला ।जैन गीता समण सुक्तम का पद्यानुवाद यहां बैठकर किया। जिसमें लीन होकर भव्य जीव संसार सागर से मुक्ति प्राप्त कर जाते। जिन शासन में हम जन्म लिए हैं जो मूल रूप जो चीजें हैं उनके बारे में हमें श्रद्धान होना चाहिए ।जिनालय में प्रवेश करने से पहले हमें हाथ पैर धोकर ही प्रवेश करना चाहिए। कोई गंदगी अंदर नहीं प्रवेश करें ।यह आदर भाव से श्रद्धा बढ़ेगी। देव शास्त्र गुरु के प्रति श्रद्धा आदर का भाव बनाए रखना उसी को सम्यक दर्शन कहा जाता है ।हम भगवान से प्रार्थना करते हम जीवन के अंत में सजग रहें ।आपके प्रति आदर का भाव बना रहे ।जीवन के अंत में त्याग का भी त्याग कर देते हैं।

## सड़क यातायात सुरक्षा प्रवंधन प्रणाली विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्टैंडर्ड क्लब के अंतर्गत सड़क यातायात सुरक्षा प्रवंधन प्रणाली विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत उदबोधन में प्राचार्य डॉ. के.पी. अहीरवार एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन आर सुमन, डॉ मीरा माधुरी महंत ने भारतीय मानक ब्यूरो के बारे में संक्षिप्त परिचय एवं विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में क्लब के मेंटोर इरफान खान ने विस्तार से बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आरएसटी/ प्रतिनिधि के रूप में डॉ प्रणव मिश्रा ने भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों जैसे ISI, हॉलमार्क, R- मार्क एवं BIS केयर एप के बारे में विस्तार से बताया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए डॉ. पूजा सिंह सिकरवार, सरिता सोनी एवं डॉ ऋषिभा दीक्षित ने सहयोग प्रदान किया। इसके पश्चात निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम विजेता दिव्या अहिरवार, द्वितीय विजेता मयूरी अहिरवार और मनु त्रिलोकीनाथ सिंह एवं तृतीय विजेता ऋतु पौरिया।

## मसाला एजेंसियों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर के विभिन्न होलसेल मसाला विक्रय एजेंसियों का औचक निरीक्षण करके एम.डी.एच. एवं एवरेस्ट ब्रांड मसाले के नमूनें जांच हेतु लिए। विदित है कि एम.डी.एच. एवं एवरेस्ट ब्रांड के मसालों में एथिलिन ऑक्साइड की उपस्थिति पाए जाने पर एफ.एस.एस.ए.आई. नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने संग्रहित करने के लिए सभी राज्यों को निर्देशित किया गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार दमोह जिले में मसालों के नमूना संग्रहित करने की कार्यवाही की गई है। निरीक्षण की कार्यवाही में मिठाई लाइन स्तिथ श्याम ट्रेडर्स की एम.डी.एच. मसाले की होलसेल एजेंसी से एम.डी.एच. ब्रांड सांभर मसाला एवं चिकिन मसाला के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इसी तरह कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित छाबड़ा इंटरप्राइजेस की एवरेस्ट मसाला की होलसेल एजेंसी से एवरेस्ट ब्रांड सांभर मसाला एवं चिकिन मसाला के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## मनुष्य गति अत्यंत दुर्लभ है- मुनि श्री



**दमोह।** मनुष्य गति अत्यंत दुर्लभ है इसी गति से हम अपना उद्धार कर सकते हैं उच्च कुल प्राप्त होने के बाद भी यदि मनुष्य अपने आत्म कल्याण का पुरुषार्थ नहीं करता तो उसका जीवन व्यर्थ है जिनेंद्र भगवान का सानिध्य प्राप्त करके मुक्ति का मार्ग प्राप्त कर लेना चाहिए स्वयं को ऐसे जीना चाहिए कि दूसरों को कष्ट दिए बिना जियो और जीने दो के सिद्धांत का अनुकरण होता जाए। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री अजित सागर जी महाराज ने दमोह नगर आगमन पर दिगंबर जैन धर्मशाला में अपने मंगल प्रवचन में व्यक्त किए इसके पूर्व कुंडलपुर मैं आयोजित भव्य आचार्य पदरोहण समारोह के बाद मुनि श्री अजीत सागर जी महाराज के साथ मुनि श्री विनम्र सागर जी महाराज का संघ सहित दमोह नगर आगमन पर मंगल अगवानी की गई। इस मौके पर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई उपाध्यक्ष मीनू जैन महामंत्री पदम खली मंत्री आलोक पलंदी मुकेश जैन कुंडलपुर क्षेत्र कॉमेटी के पूर्व महामंत्री नवीन निराला सुनील वेजीटेरियन शैलेंद्र मयूर संजीव शाकाहारी पवन जैन चश्मा विनय विनम्र आदि की उपस्थित रहे मुनि श्री के पद प्रक्षालन का सौभाग्य जैन पंचायत उपाध्यक्ष मीनू जैन के परिवार को प्राप्त हुआ। आहार देने का सौभाग्य भी उनके परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने अपने मंगल प्रवचन में आगे कहा कि दमोह नगर बहुत सौभाग्यशाली हैं जो उन्हें बड़े बाबा के चरण छांव में रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है विशेष पुरणोदय के साथ ही यह सौभाग्य प्राप्त होता है दमोह तो बड़े बाबा की देहरी के रूप में है ऐसा महान पुण्य प्रकार हमें अपनी दुर्लभ पर्याय को सार्थक बनाने की कोशिश अवश्य करनी चाहिए।

### सीएम हेल्पलाइन एप्लीकेशन में जोड़ा नया मॉड्यूल

पन्ना।

खुले बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने राज्य शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन एप्लीकेशन में नया मॉड्यूल जोड़ा गया है। इस नवाचारी प्लेटफार्म के माध्यम से नागरिक खुले बोरवेल से संबंधित अपनी शिकायतें आसानी से एप्लीकेशन में दर्ज कर शासन की त्वरित कार्यवाही से लाभान्वित हो सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के लिए उपयोगकर्ता को सर्वप्रथम गूगल प्लेस्टोर से सीएम हेल्पलाइन एप्लीकेशन डाउनलोड करना होगा।

## आशारामजी बापू का 88वां अवतरण दिवस मनाया




**दमोह।** पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के 88वें अवतरण दिवस (जन्मोत्सव) अर्थात "विश्व सेवा-सत्संग दिवस" निमित्त घण्टाघर चौराहे पर दीप प्रज्वलित कर किया गया शरबत, जल, सत्साहित्य व प्रसाद वितरण। पूज्य संत श्री आशारामजी बापू ऐसे महापुरुष हैं जिन्होंने अपने शिष्यों को भक्तियोग और ज्ञानयोग के साथ-साथ कर्मयोग भी सिखाया है। पूज्यश्री का कहना है कि कर्म करने की कला जान लो और उसे कर्मयोग बनाओ तो कर्म आपको बाँधनेवाले नहीं, भगवान से मिलानेवाले हो जायेंगे। भगवान ने हमें जो जानने, मानने और करने की शक्तियाँ दी हैं, उनका सदुपयोग करो। परहित में सत्कर्म करने से करने की शक्ति का सदुपयोग होता है। पूज्य बापूजी के इन्हीं वचनों का आदर करते हुए पूज्यश्री के शिष्यों द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के अवतरण दिवस निमित्त 28 अप्रैल, रविवार शाम-5 बजे से दीप प्रज्वलित कर जल, शरबत, सत्साहित्य व प्रसाद वितरण किया गया। एवं 29 अप्रैल दिन सोमवार को साधक-भक्त-परिवार द्वारा अवतरण दिवस बड़ी ही भव्यता व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसमें शाम-5 बजे से सत्संग, भजन, कीर्तन, पाठ व दीप प्रज्वलित कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के 88वें अवतरण दिवस (जन्मोत्सव) की लख-लख बधाइयाँ। आयोजक युवा सेवा संघ व श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं महिला उत्थान मंडल दमोह रहें।

# भगवान को छप्पन भोग लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

इटवा लाडनबाग में दुबे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को किशोरी वैष्णवी गर्ग जी द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए किशोरी जी ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया।

किशोरी जी ने कहा सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।

पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी–'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं।

किशोरी जी ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है। मुख्य श्रोता पंडित माधव प्रसाद दुबे श्रीमती सुमतरानी दुबे एवं समस्त दुबे परिवार लाडन बाग इटवा दमोह है।

## सत्संग कमजोर हुआ तो सुख रूपी वृक्ष सूख जाएगा-पं. हरि किशन दुबे





**सिंग्रामपुर।** जंप जबेरा के सिग्रामपुर पिपरिया में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा के द्वितीय दिवस की कथा में कथा व्यास पंडित हरि किशन जी दुबे कनवास वालों ने बताया की सतसंग मुद मंगल मूला। सोइ फल सिधि सब साधन फूला सत्संगति आनंद और कल्याण की जड़ है सत्संग की सिद्धि (प्राप्ति) ही फल है और सब साधन ही फूल है जीवन में आनंद उसी के रहता है जो सत्संग रूपी जड़ को मजबूत बना कर रखता है अर्थात सत्संग करता है सत्संग किसे कहते हैं? सत्य वस्तु का संग ही सत्संग है ,सत्य वस्तु क्या है? जो कल थी आज है और आगे रहेगी वही है सत्य वास्तु जो कल नहीं थी आज है परंतु कल नहीं रहेगी वह वस्तु असत्य वस्तु मानी गई है इसीलिए ऐसी वस्तु या ऐसे व्यक्ति का संग ना करें जो आज हैं लेकिन कल नहीं रहेंगे। क्योंकि आनंद सत्य वस्तु ही दे सकती है असत्य वस्तु आनंद नहीं दे सकती। इसके साथी भक्तों को समझाते हुए महाराज जी ने बताया की बाहर की गंदगी को तो सरकार के अभियानों से जुड़कर साफ किया जा सकता है परंतु हृदय की गंदगी को हृदय के विकारों को बिना भगवान की कथा के साफ किया नहीं जा सकता अगर हृदय की गंदगी को हृदय के विकारों को साफ करना है तो हम सभी को भगवान की कथा सुनना चाहिए एवं उनका चिंतन करना चाहिए।

### तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन एक मई से

**पन्ना।** गत एक अप्रैल से प्रारंभ नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सभी शासकीय व निजी विद्यालयों में पठन-पाठन शुरू हो गया है। निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफार्म, टाई, जूते, कॉपी, स्टेशनरी इत्यादि चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जा सकता है। छात्र व अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। निजी विद्यालयों के लिए प्रभावशील स्कूल शिक्षा विभाग का नियम 2020 की धारा 6 में भी उक्त प्रावधान है। छात्र एवं अभिभावकों की सुविधा के दृष्टिगत जिला स्तर पर तीन दिवसीय पुस्तक मेला आयोजित किया जाएगा। पन्ना जिला मुख्यालय पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सभागार में 01 से 03 मई तक पुस्तक मेला लगेगा।

## खबर संक्षेप

### ऋषित सिंघई का सुयश

**दमोह।** राकेश जैन के सुपुत्र ऋषित जैन ने कक्षा 10वी में 88 प्रतिशत हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया। आपको बता दे कि ऋषित अपनी शिक्षा सेंधपा के विद्यालय में पा रहा था जहाँ पर कई प्रकार की समस्याओं के बाद भी ऋषित ने बिना किसी कोचिंग के 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। ऋषित अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता राकेश एवं चाचा सुनील सिंघई एवं गुरूजानो को दिया इनकी उपलब्धि पर शाला प्रबंधन एवं परिचितों ने बधाई दी।

### बिजली कटौती से जनता परेशान

**गैसाबाद।** मनुष्य के जीवन का मुख्य अंग बन चुकी बिजली कटौती से ग्राम के लोग हैरान परेशान है इस भीषण गर्मी मे तेज धूप के चलते जहां लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है वहीं बिजली कटौती से घर के अंदर बिना पंखा कूलर के रहना मुश्किल हो रहा है ग्राम के रामकुमार, आजाद शाह ,गोपाल ,मकबूल शा हातिम जाकिर आदि ने हरिभूमि को बताया कि हमारे गांव में दिन एवं रात में दो दो तीन-तीन घंटे की बिजली कटौती की जाती है जिससे हम लोगों को परेशानी होती है बिजली कटौती से हम लोग रात्रि में सो नहीं पाते हैं, बिजली कटौती से एक ओर जहां विद्युत मैकेनिको के काम धंधा पर असर पढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर कोल्ड ड्रिंक एवं लस्सी आइसक्रीम का धंधा करने वाले व्यापारियों को नुकसान झेलना पड रहा है , दिन तो जैसे तैसे इधर-उधर घूम कर लोग काट लेते हैं लेकिन रात्रि में होने वाली बिजली कटौती से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है बिजली नहीं होने से लोग अच्छी तरह से सो नहीं पा रहे हैं जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ रहा है ग्रामीणो ने विद्युत मंडल से विद्युत कटौती बंद किए जाने की मांग की है इस मामले पर जब विद्युत मंडल हिनौता से बात करनी चाहिए तो संपर्क नहीं हो सका।

### खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**दमोह।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता (मान्यता प्राप्त खेल संघ द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता) में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गये है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपये, रजत पदक पर 8 हजार रूपये एवं कांस्य पदक पर 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। आवेदक की आयु 01 अप्रैल 2024 की स्थिति में 19 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2024 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई 2024 तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान सिविल वार्ड स्टेडियम दमोह से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

---

दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे गुबरा के समीप हुआ हादसा

## मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई कार पेड़ से टकराई, बाल-बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र के सिंग्रामपुर गुबरा के बीचों बीच खतरनाक सड़क हादसा सामने आया है सड़क पर अचानक सामने आए मवेशियों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई कार पेड़ से टकरा गई हादसे में जहां कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है वहीं कर चालक सिग्रामपुर निवासी गोलू साहू बाल बाल बच गए बताया जाता है गोलू साहू अपनी कार से निजी काम के लिए गुबरा गए हुई थे गुबरा से लौटते समय अचानक से उनकी कार के सामने मवेशी आ गए और मवेशियों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई कार पेड़ से टकरा गई हादसा इतना खतरनाक था की कार के परखच्चे उड़ गए गनीमत की बात रही इस खतरनाक हादसे में कर चालक गोलू साहू बाल बाल बच गए और हादसे में मामूली चोटें आई थी जिन्हें उपचार के लिए कटंगी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत ठीक होने पर डॉक्टर ने घर के लिए वापिस भेज दिया है प्रत्यक्षदर्शी रामेश्वर पटेल ने बताया कि कार गुबरा से सिंग्रामपुर आ रही थी अचानक से मवेशी कार्य के सामने आ गए मवेशियों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई हादसा इतना खतरनाक था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन भगवान का शुक्र है कि कार चालक गोलू साहू बाल बाल बच गए जिन्हें मामूली चोट आई थी उपचार के बाद पूरी तरह से ठीक हैं।

## सिहोरा रैपुरा मार्ग पर मिनी ट्रक बाइक की सीधी भिडंत, दो युवकों की दर्दनाक मौत



**बनवार।** बीती रात्रि कटनी जिले के सिहोरा-रैपुरा मार्ग पर ग्राम राजा सलैया रतनपुरा चौराहा के पास भीषण सड़क हादसा सामने आया है जिसमें एलपीटी वाहन और बाइक की सीधी भिड़त हो गई। खतरनाक हादसे में जिले के दीपक पिता कमलेश सिंह गौंड (25) निवासी करनपुरा थाना जबेरा, और उसके साथी बाइक सवार हेमराज सिंह गौंड पिता किशु सिंह(14) निवासी ग्राम सगरा थाना नोहटा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई । भीषण सड़क हादसा बाकल थाना क्षेत्र के राजा सलैया का है । मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 34 जेडए 6036 में सवार होकर दोनो युवक रिशेतदारी में जा रहे थे,उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एलव्ही 9186 ने बाइक में सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार उछल कर दूर जा गिरे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आने के कारण दोनों की घटनास्थल में हो मौत हो गई। हादसे के बाद एलपीटी वाहन को चालक घटना स्थल में ही छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी बाकल थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची शवों को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए बहोरीबंद शासकीय अस्पताल भेजा। जिनका सुबह शव परीक्षण कराने उपरांत पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। मिनी ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस द्वारा थाना परिसर में खड़ा कराया गया है और वाहन चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। वही दर्दनाक हादसे में मृतक युवकों परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

---

मूक दर्शक बना विभाग....

## करोड़ों की लागत से बन रहा पारना तालाब में घटिया सामग्री का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार




जबेरा जनपद के ग्राम पारना में तालाब के निर्माण में घटिया साम्रगी का उपयोग किया जा रहा है। तालाब के बेस्ट वियर के फाउंडेशन फाइन रेत की जगह बजरा डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। बेसमेंट काली गिट्टी की जगह जंगल के पत्थरों से बनाई गई कच्ची गिट्टी लोकल लोहे सरिया को निश्चित दूरी पर न बांध कर दूर दूर बांधा गया है वही तालाब की पिचिंग जंगल के उठाया गया गोलाकार कच्चे पत्थरों का उपयोग स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है निर्माण की शुरुवात में दिखावे के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट की बोरियां रखी गई और जहां बेस्ट वेयर का निर्माण कार्य चल रहा है वहां पर डबल बुल सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है तालाब निर्माण के दौरान देखा जाए तो पूरे तालाब में 50 डंपर का भंडारण है वही मौके पर आधी ट्राली रेत रखी हुई दिखाई दे रही है किसानों ने आशंका जताई है कि यदि ऐसी घटिया साम्प्रगी से तालाब का निर्माण हुआ तो क्षेत्र के अनेक किसानों को आने वाले समय में बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग की लघु सिंचाई योजना के तहत 28 करोड़ 16 लाख की लागत से सिंचित रकवा 950 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया जिसका भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक एवं वर्तमान राज्य मंत्री के द्वारा जनवरी 2023 में किया गया था और इस तालाब का निर्माण कार्य इन दिनों किया जा रहा है। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया , परन्तु तालाब के निर्माण के शुरुआती दौर से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर क्षेत्रीय किसान अंगुली उठा रहे हैं। किसानों का कहना है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा विभागीय अधिकारियों की मिली भगत व्यापक अनियमितताएं की जा रही हैं।

### अधिकारियों की अनदेखी का नतीजा

जल संसाधन विभाग के पारना जलाशय निर्माण कार्य की निगरानी के लिए विभाग के एसडीओ इंजीनियर सब इंजीनियर की ड्यूटी लगाई गई है वावजूद इसके तालाब निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा बेस्टवीयर निर्माण में जंगल की कच्ची गिट्टी एवं डस्ट का उपयोग किया गया है वही तालाब की पिचिंग में जंगल के कच्चे पत्थरों का उपयोग किया गया जिससे भविष्य में तालाब रिसाव की स्तिथि में तालाब फूटने का डर बना हुआ है तालाब निर्माण कार्य एसडीओ इंजीनियर सब इंजीनियर निगरानी में चल रहा है लेकिन यहां पर कहीं भी गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करवाया जा रहा है और धडल्ले से घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने का आरोप स्थानीय किसान लग रहे हैं सूत्रों का तो यहां तक कहना है करोड़ों की लागत से बना रहे पारना तालाब में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री के उपयोग को इस लिए अनदेखा किया जा रहा क्योंकि सबको बराबर कमीशन की राशि पहुंच चुकी यही वजह है कि करोड़ों की लागत से बना रहे तालाब के बेस्ट बीयर के बेस में जहां फाइन रेत की जगह डस्ट बजरा लोकल क्वालिटी की सरिया घटिया सीमेंट बेसमेंट में काली गिट्टी की जगह जंगल के कच्चे पत्थरों की फोड़ी गई गिट्टी का उपयोग किया गया। किसानों ने बताया कि यदि घटिया तालाब बनेगा तो बरसात का पानी आते ही फूट सकता है वही तालाब निर्माण में पिचिंग में लगाए गए जंगलों के पत्थरों उपयोग व मुरम खोदने के लिए ठेकेदार द्वारा वन विभाग से विधिवत मंजूरी भी नही ली गई है। एसडीओ राहुल जैन जल संसाधन विभाग का कहना है जैसा कि आप बता रहे हैं ऐसा तो घटिया सामग्री का उपयोग नहीं हो रहा है इतना ही बता सकते हैं फोन पर ज्यादा कुछ नहीं बता पाएंगे।

---

## आचार्य गुरुदेव की छवि आचार्य समय सागर जी में नजर आती है: निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी



**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में परम पूज्य निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा महापुरुष हुए हैं जिनका पूरा जीवन आने वाली पीढ़ी के लिए होता है ।भगवान महावीर के बाद आचार्य कुंद कुंद देव को याद करते हमने ना महावीर को देखा और ना कुंदकुंद देव को देखा वर्तमान में देखा है तो आचार्य विद्यासागर जी को देखा जब आचार्य भगवन की छवि को देखते तो आचार्य भगवन की तुलना आचार्य कुंदकुंद देव से और नवाचार समय सागर जी की तुलना आचार्य श्री से करेंगे वैसे आचार श्री की तुलना अतुलनीय है किसी से नहीं की जा सकती। आचार्य श्री की तुलना किसी से नहीं उनका जीवन अतुल्य है कुछ ऐसे महापुरुष हो जाते हैं जिनके जाने के पश्चात उनकी ख्याति उनका दिग्दर्शन उनके किए कार्य और अधिक बढ़ जाते हैं। उनका जीवन स्वयं के लिए नहीं उनका जीवन मूल रूप से पर के लिए होता है ।जो लक्षण आचार्य कुंदकुंद देव में वह लक्षण घटित होते आचार्य श्री में वर्तमान में जब हम आचार्य समय सागर जी को देखते हैं द्रव्य से भाव से देखने में जो द्रव्य मन वचन द्रव्य काया रहीबात भावों की वह अंतरंग का विषय है ।आचार्य भगवन का औदारिक शरीर आचार्य समय सागर जी महाराज का औदारिक शरीर बिल्कुल वैसा ही मिलता है वैसा ही गौर वर्ण आचार्य भगवन का देखने का जो तरीका उनकी आंखें आचार्य समय सागर जी महाराज की आंखें आचार्य भगवन का बोलने का जो तरीका वही आचार्य समय सागर जी का दिखाई देता है ।आचार्य श्री हमारे दीक्षा गुरु हैं पर हमें आचार्य समय सागर जी ने बढ़ाया वैराग्य के बारे में दृण किया है। शिक्षा में तो पूज्यवर समय सागर जी महाराज ने जब हम घर में थे मोक्ष मार्ग में बढ़ने संबल दिया है मार्ग दिया है शिक्षा दी है। 1994 का रामटेक का वह दृश्य याद आता है हम आचार्य भगवन के पास कभी नहीं रहते थे समय सागर महाराज जी के पास बैठे रहते थे निर्देशों का पालन अक्षरशः करते चले गए। आचार्य श्री की छवि हमें शुरू से मिली थी उनमें ।जब हम आचार्य भगवान को देखते उनकी छवि को देखते उनकी काया को देखते और आचार्य समय सागर जी को देखते उनके बैठने का ढंग को देखते उनके देखने के ढंग को देखते दोनों में ज्यादा अंतर नहीं। जब तक हम यह दृष्टि भीतर नहीं लाएं तब तक समर्पण की वह दृष्टि आएगी नहीं ।मोक्ष मार्ग में प्रगति मोक्ष मार्ग में विकास श्रद्धा समर्पण से आएगा ।आचार्य भगवन नहीं दिख रहे कोई बात नहीं जब हम उनकी छवि देखने की कोशिश करेंगे मूल रूप से जो दिखता वह मायने नहीं रखता जो देखने की कोशिश करते वह महत्वपूर्ण है ।जो चर्म चक्षुओं से दिख रहा उन आंखों से हमें द्रव्य ही नजर आता शरीर ही नजर आता है ।हमारे पंचेन्द्रिय का विषय है हमारे मन का विषय है उनका शरीर उनका है काय से वाणी से वह वैसे ही मिलते ।16 तारीख को आचार्य पदारोहण होने के पश्चात उसके पूर्व में और उसके बाद की अवस्था में बहुत अंतर है। द्रव्य से और भाव से कार्य करने की शैली में भी बहुत अंतर है ।जब वह निर्यापक समय सागर थे उस समय की उनकी शैली और आचार्य बनने के बाद ऐसा लगता साक्षात आचार्य गुरुदेव ही बैठे हो, निर्देश दे रहे हो। हम स्पष्ट बोल रहे कोई लाग लपेट नहीं यह ना समझे महाराज जी ने हमें भेज दिया प्रशंसा कर रहा हूं ।विशुद्धि हमें बढ़ाना आत्म विकास करना परिणामों में उज्जवलता बढ़ाना है आत्म कल्याण के लिए अपने भीतर वह भाव लाकर सीखें जो पहले थे जो लक्षण आचार्य के बताएं वह गुरुदेव में घटित होते हैं। पूज्यवर समय सागर जी की कार्यशैली को देखे कहीं कोई अंतर नजर नहीं आता।

## जागरूकता रैली निकालकर मलेरिया से बचाव हेतु किया जागरूक



**दमोह।** विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने आमजनों से मलेरिया संक्रमण से बचाव के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनजागरूकता रैली को मलेरिया कार्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने बताया मलेरिया एक रोकथाम योग्य बीमारी है। उचित एहतियाती उपायों, बढ़ती जागरूकता और बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के साथ मलेरिया से होने वाले संक्रमण मामलों को रोका जा सकता है। इस दौरान मलेरिया स्टॉफ मौजूद रहा। मलेरिया कार्यालय परिसर से घंटाघर तक रैली के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने हाथ मे तख्तियों को लेकर और साथ में चल रहे जागरूकता वाहन के माध्यम से संदेश दिया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क जॉच करायें। घर एवं आसपास अनुपयोगी सामग्री में पानी जमा न होने दें। सप्ताह में एक बार कूलर के पानी, चटाई को साफ करें, जिससे पनपे मच्छर के लार्वा को समाप्त किया जा सके। सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, जैसे संदेश जनजागरूकता वाहन द्वारा घंटाघर से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट, तीन गुल्ली, रेल्वे स्टेशन चैराहा, बडेपुरा, धरमपुरा आदि क्षेत्रों में संदेश संप्रेषित किया गया।

## सफलता पर फूल मालाओं के साथ स्वागत कर दिया लैपटॉप



**दमोह ।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में सकल असाटी समाज दमोह की ओर से बिटिया प्रगति का सम्मान किया गया साथ ही उसे इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर असाटी समाज समितियों की ओर से फूल मालाओं के साथ स्वागत कर लैपटॉप दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से सभी समाज बंधुओं ने उद्बोधन देकर बिटिया का प्रोत्साहन एवं सहयोग करने का कहा गया एवं समाज के वरिष्ठ उधमी द्वारा कहा गया इस बिटिया की जिम्मेदारी हमारे समाज हर एक व्यक्ति की है तब सही मायने में सम्मान है। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन असाटी महिला अध्यक्ष शैलजा असाटी द्वारा किया एवं आभार विनय भैया दो भाई द्वारा किया एवं उनके द्वारा महासभा की महत्वकांक्षी योजना शिक्षा सारथी की जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत की एवं सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंतिम चरण राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी वीडियो कॉल कर बिटिया को शुभाशीष एवं प्रशासनिक सेवा में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

महीनों से जर्जर हालत में लेकिन नहीं हो रहा सुधार कार्य


## बकैनी से असलाना घटिया सड़क मार्ग की पोल खुली



**पथरिया।** ग्राम बकैनी से असलाना करीब 3-4 किमी की सड़क मार्ग विगत वर्षों में बनाया गया जिसमें ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। साथ ही असलाना के पास एक बड़े नाला निर्माण जहां सड़क की ऊंचाई तक पुलिया निर्माण होना था। वह भी नही किया जिससे बारिश में पुलिया के ऊपर पानी आने से मार्ग बंद हो जाता है। वही पिछले वर्षों में एक घटना भी घट चुकी है। उसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। ना ही संबंधित ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की गई। वही चर्चा तो यह भी है कि ठेकेदार पर राजनैतिक संरक्षण है जिसके कारण कोई कार्यवाही नही हो पा रही है। अब सड़क मार्ग की हालत ऐसी हो गई जैसे मुरमीकरण करके डामरीकरण कर दिया गया हो। जिला कलेक्टर से मांग है कि संबंधित घटिया सड़क मार्ग की गुणवत्ता की जांच कराई जाएं साथ ही ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों पर कार्यवाही हो।

देशभर में देखे जाने वाले शंका समाधान कार्यक्रम का पटेरा में हुआ अयोजन, प्रस्तुत शंकाओं का मुनि श्री ने किया सहजता दिया समाधान...

## धैर्य रखने का अभ्यास करना चाहिये : मुनि श्री प्रमाण सागर जी



मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुणायतन तीर्थ प्रणेता पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के सानिध्य में पटेरा नगर में धर्म की गंगा बह रही है। देश के प्रसिद्ध कार्यक्रम शंका समाधान का पटेरा नगर के बड़े मंदिर परिसर में आयोजित हुआ जिसमें मुनि श्री उपस्थिति लोगो द्वारा की गई शंकाओं का समाधान बड़े सहज, सरल व सकारात्मक रूप से किया। पहली शंका यह आई कि हमें ऐसा क्या करना चाहिये कि हमारा जीवन धैर्यवान बन सके जिसके उत्तर में मुनि श्री ने कहा कि हर मनुष्य को अपने अंदर के धैय को बनाये रखने के लिये अपने मन को एक कमांड देना चाहिये कि मुझे धीरज रखना है। आज की नई जनरेशन हर कार्य को तुरत इस्टेंट करना है, यह सही नहीं है। हम कोई भी कार्य करें, प्रक्रियागत समय लगता है वह देना पड़ेगा। पुरानी पंक्ति है कारज धीरे हात है, काहे होत अधीर, समय पाय तरूवर फले, केतऊं सीचे नीर। हमें धैर्य रखने का अभ्यास करना चाहिये। भोजन करने से शरीर में सत्व आता है, रक्त बनता है लेकिन भोजन करते ही वह खून में परवर्तित नहीं होता, समय लगता है। ये प्रक्रियागत बात है। कोई भी काम करना हो तो तत्परता से काम करों, लेकिन परिणाम को लेकर अधीर न होन। काम में ढीलाशाई नहीं, और परिणाम की चिंता नहीं। यदि ये दोनो बाते आत्सात करें तो कठिनाई नहीं आईगी। तत्परता का अर्थ यह नहीं बिना सोचे समझे कुछ भी करों, औचित्य का विचार करके काम करो। कितना भी अच्छा काम हो बिना अवसर के उसका कोई अर्थ नहीं।

**प्रश्न : हम किसी के कर्मोदय में निमित्त न बन सके इसके लिये क्या करें ?**

मुनि श्री ने कहा कि कर्मोदय में निमित्त मिलता है, लेकिन जरूरी नहीं कि निमित्त मिलने पर कर्मोदय का प्रभाव पड़े ही। निमित्त से नहीं बचा जा सकता है, वह मेरे अधीन नहीं है, सदैव मेरे अनुकूल निमित्त बने यह असंभव है। महापुरूषों के जीवन में भी ऐसा नहीं हुआ। लेकिन नेमैतिक मेरे हाथ में है। कर्म का कितना भी प्रबल उदय क्यो न आये, मै उससे अप्रभावित रहू यह साधना कर लो तो जीवन सफल हो जायेगा।

**प्रश्न : विवाह में नौकरी को वरीयता दी जाती है, ऐसी मानसिकता क्यों ?**

आज की शिक्षा प्रणाली ही ऐसी हो गई है। शिक्षा का अर्थ नौकरी पाने तक है। आज लोग नौकरी पेशा संबंध ढूंढना इसलिये चाहते है कि उनको आजादी मिल जाती है। मानसिकता बिगड़ गई है। संपन्नता की अपेक्षा स्वतंत्रता व स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता चाहिये। आज नौकरी पेशा को लोग तवज्जो दे रहे है जबकि हमें व्यक्ति के गुणों, शील, विद्या गुणों, संस्कारों को महत्व देना चाहिये फिर आये व्यय को महत्व देना चाहिये। कई मामले आये जिनमें फर्जी पैकेज बता दिये फिर मामला बिगड़ गया।

### गुरू वचन व सूत्र अलग क्यों? : मुनि श्री निर्वेग सागर



इस दौरान मुनि श्री निर्वेग सागर जी ने अपनी शंका रखते हुये कहा कि गुरू वचन निश्चित ही सूत्र के अनुसार ही होते है, फिर आचार्य कुन्द कुन्द महाराज ने समयसार में गुरूवचन को अलग एवं सूत्र अध्ययन को अलग उपकरण माना, इसमें क्या रहस्य है? इस शंका का समाधान करते हुये पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी ने कहा कि महाराज जी ने बहुत ही अच्छा प्रश्न रखा है। महाराज जी स्वयं इस प्रश्न का उत्तर मुझसे भी बेहतर दे सकते है लेकिन प्रश्न इसलिये नहीं किया जाता कि हमें कुछ जानना है, कई बार प्रश्न के माध्यम से उपस्थित सभा की जिज्ञासा शांत करने के लिये किया जाता है। आचार्य कुन्द कुन्द ने समयसागर जी में लिखा है कि मोक्ष मार्ग में चार उपकरण है दिगंबर रूप, गुरूवचन, विनय, सूत्र का अध्ययन है। दिगंबर मुद्रा को आत्मसात किये बिना मोक्ष मार्ग में आगे नहीं बढ़ सकते। यह बात सत्य है गुरू के वचन शास्त्र के अनुसार होते है अपितु सच्चा शिष्य तो गुरू के वचन को शास्त्र के रूप में ही स्वीकारता है। लेकिन गुरू वचन हर समय सुलभ यह जरूरी नहीं है। गुरू के सामने अनेक शिष्य है। गुरू ने हमें कुछ सूत्र दे दिये है, वह हमारे लिये सहायक है लेकिन हर समय वह सुलभ नहीं है, मन को रमाने के लिये सूत्र का अध्ययन करों। मन को दृढ बनाये रखने के लिये शास्त्र का अध्ययन करों। धागा सहित सुई रखी हो तो जल्दी मिल जाती। इसी प्रकार सूत्र यानि आगम सहित मुनि कहीं खोता नहीं इसलिये गुरू वचन के साथ शास्त्र का अध्ययन भी करना चाहिये।

### सहजता से उत्तर देने की कला कहां से सीखी?



मुनि श्री संधानसागर जी ने कहा कि ऐसे तो इनके सिर पर कोई ताज नहीं, लेकिन संसार में ऐसे प्राणी नहीं है जिनके दिल पर इनका राज नहीं है। उन्होने शंका प्रस्तुत की कि आप गरमा गरम प्रश्नों के नरम नरम उत्तर देते है, इतनी सहजता से उत्तर देने की कला कहां से सीखी? इस प्रश्न के उत्तर में मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने कहा कि हमारा उद्देश्य क्या है, दूध को बचाना या विनष्ट करना। दूध को उफनता देखते है तो आंच तेज करते है कि ठंडा करतोनता है। यह अनुभव की बात है। एक सूत्र आप ले लीजिये जहां आग बने तो हमें पानी बनना है, पेट्रोल बनने का काम नहीं करना है।

**माता पिता की सेवा नहीं करते?**

मुनि श्री उत्तर दिया कि जो लोग अपने जन्मदाता, जीवनदाता, संस्कारदाता की उपेक्षा करते है उनकी पूजा पाठ, व्रत उपवास, परमार्थ की सभी क्रियायें का कोई अर्थ नहीं। क्योंकि उनके हृदय में कृतज्ञता का अभाव है। संवेदन शून्य हृदय में धर्म का अंकुर नहीं होता। कृतघ्नी मनुष्य कभी भी धर्मी नहीं कहला सकता।

**आम सूचना**

शपथकर्ता शोभालाल अहिरवार पिता रग्गू अहिरवार निवासी मलवारा, तह. हटा, जिला-दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि एलआईसी पालिसी नं 356107336 में मेरा नाम हल्लू अहिरवार दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम शोभालाल अहिरवार पिता रग्गू अहिरवार अंकित है। यह कि हल्लू अहिरवार व शोभालाल अहिरवार दोनों ही मेरे नाम है व दोनो ही नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है। दोनो एक ही व्यकि के नाम है। यदि इस सबंध में कोई दावा या आपत्ति करता है तो में जवाबदार रहूंगा।

शपथकर्ता
हल्लू उर्फ शोभालाल अहिरवार
पिता- रग्गू अहिरवार निवासी मलवारा